तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 24 अगस्त 2024

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

8 चन्द्रयान 3 की पहली वर्षगांठ पर छात्र-छात्राओं ने बनाए आकर्षक मॉडल



9 राजनीतिक द्वेष से काम कर रही प्रदेश सरकारः जैन



# अधिक से अधिक नये सदस्य बनाने का लक्ष्य तय करें कार्यकर्ता : कौशिक

**भाजपा सदस्यता अभियान की कार्यशाला में प्रत्येक बूथ में 200 नये सदस्य बनाने का लक्ष्य, 1 सितम्बर से आरंभ होगा सदस्यता अभियान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आगामी 1 सितम्बर से भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान आरंभ होगा। शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय में सदस्यता अभियान को लेकर जिलास्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान की जानकारियों से अवगत कराया गया और अधिक से अधिक सदस्य बनाने कहा गया। सदस्यता अभियान कार्यशाला में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व विधायक धरमलाल कौशिक शामिल हुये।

श्री कौशिक ने कहा कि कार्यकर्ता के रूप में हम अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कार्य करें। यह लक्ष्य जब संगठन व सत्ता के सामने होता है, तब वह आगे बढ़ता है। संगठनात्मक दृष्टि से सदस्यता अभियान हमें दो माह में पूर्ण करना है। 1 सितंबर को प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य है। ऐसे भी कई बूथ है जहां कार्यकर्ताओं को ज्यादा ध्यान देना है ताकि पार्टी को नुकसान न हो और पार्टी के वैचारिक धरातल को हमें मजबूत बनाना है। 1 सितंबर को प्रधानमंत्री दिल्ली से सदस्यता ग्रहण कर अभियान शुरु करेंगे। 2 सितंबर को प्रदेश और 3 सितंबर को जिला मुख्यालयों में और फिर मंडल मुख्यालयों तक समारोह पूर्वक सदस्यता अभियान की शुरूआत होगी। शक्तिकेन्द्र संयोजक, सह संयोजक व सदस्यता सहयोगी मिलकर 30 अगस्त तक अभियान की संरचना पूर्ण करेंगे। उन्होंने कहा कि जन प्रतिनिधियों को भी सदस्यता का लक्ष्य दिया गया है ताकि सभी कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़े और सभी कार्यकर्ताओं को 50 सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। कागजी और ऑनलाइन सदस्यता का अपडेट केन्द्र तक जाएगा इसलिए सदस्यता फार्म और ऑनलाइन डाटा अपडेट रखना है। सांसदों और विधायकों जिला पंचायत अध्यक्ष, महापौर को व्यक्तिगत रूप से सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। विषय की सुगम जानकारी के लिए मंडल स्तर पर भी कार्यशाला होगी जिसमें सभी प्रमुख पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।






### मिले लक्ष्य को परिश्रम से पूरा करें

जिला अध्यक्ष रूप सिंह मण्डावी ने कहा कि सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी निर्धारित किये लक्ष्य की प्राप्ति के लिये सदस्यता अभियान में पूरे परिश्रम से कार्य करें। कार्यशाला का संचालन रामाश्रय सिंह व आभार सदस्यता अभियान जिला संयोजक योगेन्द्र पाण्डेय ने माना। इस दौरान सांसद महेश कश्यप, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, पूर्व विधायक डा. सुभाऊ कश्यप, बैदूराम कश्यप, संतोष बाफना, लच्छू राम कश्यप, जिला प्रभारी जी. वेंकट,सहप्रभारी सेवक राम नेताम, श्रीनिवास राव मद्दी, विद्याशरण तिवारी, जिपं अध्यक्ष वेदवती कश्यप, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप, श्रीधर ओझा, वेदप्रकाश पाण्डेय, महापौर सफीरा साहू, संजय पाण्डेय, नरसिंह राव,राजेन्द्र बाजपेयी, सुरेश गुप्ता, फूल सिंह सेठिया, सतीश सेठिया, नरसिंह ठाकुर, मनोहर तिवारी, संग्राम सिंह राणा, अविनाश श्रीवास्तव, दीप्ति पाण्डेय, आशू आचार्य, सुरेश मिश्रा, सतीश बाजपेयी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### चोरी के सामान के साथ शातिर चोर गिरफ्तार

**जगदलपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित हिकमी पारा के बंद कमरे का ताला तोड़कर 50 हजार रूपए का मोटर सायकल पार्टस चोरी करने वाले शातिर चोर को पुलिस रिपोर्ट दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में सफल रही। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एसपी विवेचना-प्रकरण में पुलिस अधीक्षक, शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं सीएसपी विशाल गर्ग के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली शिवानंद सिंह के नेतृत्व में तीन अलग टीम गठित किया गया था। प्रार्थी मनीकांत राव निवासी भैरमदेव वार्ड सर्किट हाउस के पीछे ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 22 अगस्त को अज्ञात आरोपी द्वारा हिकमीपारा नायडु बाड़ा स्थित मकान के कमरा का ताला तोडकर अंदर रखा केटीएम ड्यूक बाइक व अन्य वाहनों के इंजन वा पार्टस कीमत 50 हजार रूपए चोरी कर ले गया है। मामले की जांच के दौरान एक संदेही लुकेश बघेल 23 साल निवासी ग्राम छिनारी पुजारी पारा, थाना बकावण्ड हाल निवास हिकमीपारा को पकड़कर पुछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने घटना दिनांक को मोटर सायकल के पार्टस को पाना पेचिंस से खोलकर चोरी करने और बिक्री करने के लिये अपने घर मे छुपाकर रखना स्वीकार किया। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किया गया सामान बरामद कर जब्त किया गया।

### आड़ावाल में बनेगा आधुनिक परिवहन कार्यालय



**जगदलपुर।** परिवहन का नया कार्यालय आधुनिक ढंग से बनेगा, इसमें सुविधा केंद्र भी बनाए जाएंगे। यहां विभिन्न प्रकार के काउंटर बनाए जाएंगे, जिसमें लर्निंग लाइसेंस, पूछताछ कक्ष, ड्राइविंग लाइसेंस एवं ट्रांसफर कराने के काउंटर शामिल होंगे। इससे लोगों को एक छत के नीचे सारी सुविधाएं मिल सके। परिवहन कार्यालय के नए भवन बनने के बाद एक ही छत के नीचे लोगों को हर तरह की सुविधाएं मिलेंगी, लेकिन इसके लिए लोगों को कई महीने का इंतजार करना होता था। नए भवन में सभी सुविधाएं मिलेगी और लोगों को होने वाली परेशानियों से छुटकारा भी मिलेगा। इस भवन में जिला परिवहन पदाधिकारी, एमवीआई सहित अन्य कर्मियों का कार्यालय होगा। साथ ही परिवहन कार्यालय के पास ही जमीन चिन्हित करने के लिए प्रस्ताव जिला को भेजा गया। नया भवन निर्माण को लेकर संभागीय मुख्यालय के पास आड़ावाल में स्थित पुराने कार्यालय परिसर में चिन्हित किया गया।

**रिक्त भूमि में निर्माण के लिए किया सर्वे :** संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि विभाग के मुख्यालय के निर्देश पर आड़ावाल स्थित आरटीओ कार्यालय परिसर में रिक्त भूमि में निर्माण के लिए सर्वे किया गया है।

## 8-8 लाख के इनामी दो नक्सलियों ने किया सरेंडर

# बड़ी-बड़ी घटनाओं में शामिल दो हार्डकोर नक्सलियों ने चुना शांति व विकास का मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/कोंटा

लंबे समय तक जंगल में रहकर आतंक फैलाने वाले कोंटा क्षेत्र के दो हार्डकोर नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर शांति का मार्ग चुना है। ये दोनों नक्सली कोंटा ब्लॉक के अनेक बड़ी-बड़ी घटनाओं में शामिल थे। सुकमा जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग और नक्सल प्रभावित संवेदनशील क्षेत्रों में अनेक पुलिस कैम्प खुलने और विकास की रफ्तार तेज होने से नक्सली इस समय बैकफुट पर हैं। अनेक नक्सलियों ने जहां सरेंडर किया है, वहीं कई नक्सलियों को मुठभेड़ में जान गंवानी पड़ी। केंद्र और राज्य सरकार की पहल से समर्पण करने वाले अनेक नक्सली घर बसाकर शांतिपूर्ण जीवन जी रहे हैं। सरकार की ओर से उन्हें नौकरी तक मिल रही है साथ ही आवास एवं हर तरह की सुविधाएं दी जा रही है। यही सब देखकर इन दोनों नक्सलियों ने आतंक और हिंसा का मार्ग छोड़कर शांति का मार्ग चुना है। इसमें पुलिस के संवेदनशील अफसरों की भी सकारात्मक भूमिका रही है।

■ सरेंडर करने वाली नक्सलियों की बेहतर और खुशहाल जिंदगी देखकर आतंक का मार्ग छोड़ रहे माओवादी

### 25-25 हजार नकद मिला

पुलिस अधीक्षक कार्यालय सुकमा में नीरज कुमार सिंह द्वितीय कमान अधिकारी 219 वाहिनी सीआरपीएफ, परमेश्वर तिलकवार पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सुकमा एवं निरीक्षक शिवानंद तिवारी थाना प्रभारी सुकमा के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किए हैं। इन आत्मसमर्पित नक्सलियों को कपड़ा एवं प्रोत्साहन राशि 25-25 हजार रुपए नगद प्रदाय किया गया है।




### बटालियन में सक्रिय थे

मड़कम मुया पिता सुक्का पीएलजीए बटालियन नंबर एक कम्पनी नंबर दो प्लाटून नंबर दो सेक्शन बी का पार्टी सदस्य, निवासी एलाड़मड़गू थाना भेज्जी तथा मड़कम सन्ना पिता सोना पीएलजीए बटालियन नंबर एक कंपनी नंबर एक प्लाटून नंबर तीन सेक्शन बी का पार्टी सदस्य निवासी दुरनदरभा, कुरसम पारा थाना जगरगुण्डा ने आत्मसमर्पण किया है।

### सीआरपीएफ और ओडिशा पुलिस की अहम भूमिका

छत्तीसगढ़ शासन के नक्सलवाद उन्मूलन नीति तथा सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे पूना नर्कोम अभियान से प्रभावित होकर दो नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। 8-8 लाख के दो हार्डकोर नक्सलियों को आत्मसमर्पण कराने में जिला बल व सीआरपीएफ 219 वाहिनी तथा ओड़िशा पुलिस का विशेष प्रयास रहा।

### कई बड़ी घटनाओं में दोनों थे सक्रिय

मड़कम मुया वर्ष 2020 से धारित हथियार बीजीएल लांचर के साथ कोंटा एरिया में सक्रिय रहकर ग्राम तुमीरपाड़ के जंगल में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ की घटना सहित 2021 में ग्राम टेकलगुड़ा जिला बीजापुर में पुलिस नक्सली मुठभेड़ की घटना में शामिल, वर्ष 2022 में एलमागुंडा कैम्प स्थापित करने के दौरान पुलिस पार्टी पर हमला करने की घटना में शामिल रहा। जगरगुण्डा के ग्राम कुंदेड़ के पास एम्बुश लगाकर पुलिस पार्टी पर हमला करने की घटना नवीन पुलिस कैम्प धरमावरम जिला बीजापुर में सुरक्षा बलों पर हमला करने की घटना में शामिल रहा। वहीं मड़कम सन्ना वर्ष 2009 से अनेक पदों पर सक्रिय रहकर धारित हथियार एसएलआर सहित बुर्कापाल मिनपा ताड़मेटला, कसालपाड़ जगरगुण्डा के कुंदेड़ टेकलगुड़ा जैसे घटनाओं में शामिल रहा।

## सरकार अपनी नाकामी और बदनामी को छुपाने विपक्षी नेताओं को कर रही परेशान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने शुक्रवार को राजीव भवन में पत्रवार्ता में भिलाई विधायक को बलौदाबाजार कांड में गिरफ्तार कर जेल भेजने पर जमकर आरोप लगाया। वहीं उन्होंने प्रदेश में खासकर बस्तर में केंद्र सरकार और गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में नक्सल विरोधी ऑपरेशन की तारीफ भी की। जब पत्रकारों ने सारकेगुड़ा और एडसमेटा जन सुनवाई में कांग्रेस सरकार के दौरान पीड़तिों को न्याय नहीं मिलने पर अपनी पार्टी की गलती को स्वीकार करते कहा कि दोनों मामले में मुझे कांग्रेस पार्टी ने सदस्य नियुक्त किया था। उस दौरान कांग्रेस जांच दल ने प्रत्येक पीड़तिों को 5-5 लाख रुपये देने का निर्णय लिया था। लेकिन पीड़तिों को मुआवजा क्यों नहीं मिला इस पर उन्होंने अनिभिज्ञता जाहिर की।

श्री बघेल कहा कि विधायक देवेन्द्र यादव बलौदाबाजार में न भाषण दिये और न ही कलेक्टर ऑफिस प्रदर्शन में शामिल हुए। वे भीड़ में पांच मिनिट रूक कर वापस आ गये थे। कहीं भी किसी हिंसक घटना में उनकी संलिप्तता का कोई भी साक्ष्य नहीं और न ही वे किसी भी प्रकार की घटना में शामिल थे। पुलिस ने उनको गलत तरीके से गिरफ्तार किया है। सरकार, पुलिस बताये किन भाजपा नेताओं को नोटिस दिया और पूछताछ की गयी। न्याय संगत कार्रवाई होनी चाहिये। भाजपा सरकार का चरित्र और व्यवहार 8 माह में ही अलोकतांत्रिक हो गया है। पत्रकारों को गलत तरीके से फंसाने उनकी गाड़ी में गांजा रखा जाता है। विपक्ष के विधायक को झूठे मुकदमे में फंसा कर गिरफ्तार किया गया। बलौदाबाजार के मामले में सतनामी समाज और कांग्रेस के लोगों को चिन्हांकित कर उनको जेलों में डाला गया। कांग्रेस भाजपा सरकार के इस चरित्र से ▶▶|शेष पेज 08 पर

■ कांग्रेस विधायक की गिरफ्तारी भाजपा की बौखलाहट : : लखेश्वर

# पूर्ववर्ती भूपेश सरकार ने गरीबों का धन लूटने का रिकॉर्ड कायम किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार ने छत्तीसगढ़ के गरीबों का धन लूटने का रिकॉर्ड कायम किया है। जब-जब सबूत सामने आए कार्रवाई हुई, भ्रष्टाचारियों की संरक्षक बनकर कांग्रेस सामने आती रही है। कल तो इन्होंने जांच एजेंसी के खिलाफ प्रदर्शन किया है और दावा किया है कि इनकी सरकार आने के बाद जांच एजेंसियों की भी जांच कराएंगे। इसके उलट उच्च न्यायालय का जो निर्णय आया है वो फिर से एक बड़ा प्रमाण दे रहा है कि छत्तीसगढ़ में किस प्रकार कांग्रेस के शासन में लूट मची हुई थी, संगठित रूप से भ्रष्टाचार को अंजाम दिया गया। शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय में पत्रवार्ता में उन्होंने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला।

■ कांग्रेस कार्यकाल में संगठित रूप से भ्रष्टाचार को अंजाम दिया गया




श्री कौशिक ने कहा कि शराब घोटाले पर पिछले दिनों आए उच्च न्यायालय बिलासपुर के एक महत्वपूर्ण फैसले ने कांग्रेस की तत्कालीन सरकार द्वारा किए घोटाले की कलई खोल दी है। इस फैसले से भाजपा द्वारा इन अपराधियों के विरुद्ध लगाए गए सभी आरोपों की पुष्टि हुई है। बिलासपुर उच्च न्यायालय में दायर याचिकाओं में 6 याचिकाएं ईडी के खिलाफ, जबकि 7 याचिकाएं ईओडब्ल्यू व एसीबी के खिलाफ दायर की गई थी। याचिकाओं में 2 हजार करोड़ रुपये के शराब घोटाला ▶▶|शेष पेज 08 पर

## दिल्ली से पहुंचे इस्पात सचिव ने नगरनार स्टील प्लांट के विनिवेशीकरण सवाल पर साधी चुप्पी




**जगदलपुर।** केंद्रीय इस्पात सचिव संदीप पुंडरिक शुक्रवार को दिल्ली से हैदराबाद होकर नियमित विमान से जगदलपुर पहुंचे। इस दौरान मां दन्तेश्वरी एयरपोर्ट पर लाउंज के बाहर आते समय मीडिया ने उनसे एनएमडीसी के स्टील प्लांट विनिवेशीकरण पर सवाल पूछा तो वे इतना ही बोले अभी प्लांट विजिट कर लूं उसके बाद देखते हैं। इस तरह बस्तर के लिए सबसे गम्भीर मुद्दा नगरनार स्टील प्लांट के विनिवेशीकरण पर इस्पात सचिव मीडिया से चर्चा किये बिना ही प्लांट विजिट के लिए नगरनार रवाना हो गए। उनके साथ एनएमडीसी के प्रभारी अध्यक्ष सहप्रबंधक अमिताभ मुखर्जी और मेकॉन के अध्यक्ष-सह प्रबंधक एसके ▶▶|शेष पेज 08 पर

महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर विशेष सुनवाई

# आज नहीं तो कल नगरनार की बेटियों को मिलेगा न्याय : किरणमयी

हारिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक शुक्रवार को कलेक्टोरेट कार्यालय में सुनवाई कार्रवाई में सम्मलित हुई। 7 प्रकरणों पर सुनवाई हुई इनमें अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरण एडीएम को सौंपा गया। साथ ही एक अन्य महिला समूह का सामाजिक बहिष्कार पर एसडीओपी थाना प्रभारी एवं महिला सरंक्षण अधिकारी गांव पहुंचकर सामाजिक बहिष्कार खत्म करेंगे। उन्होंने कहा सामाजिक बहिष्कार गैर कानूनी है, तीन साल की जेल और 2 लाख रूपये जुर्माना लगाया गया। उन्होंने सुनवाई करते कहा कि शिकायतकर्ता आवेदिका का आवेदन निरस्त किया जाता है, कारण आवेदिका महिला होने का दुरूपयोग पुरुषों पर अत्याचार के लिये ना करें। हरिभूमि से चर्चा करते कहा कि एनएमडीसी नगरनार स्टील प्लांट में बेटों की तरह बेटियों को भी रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा राज्य महिला आयोग बेटियो के पक्ष में सुनवाई पूर्व में ही कर चुका है। आयोग के सुनवाई के तत्काल बाद एनएमडीसी ने मामले को उच्च न्यायालय में याचिका दायर किया है। इसलिए इस पर आयोग कोई टिप्पणी नही करेगी। आयोग अध्यक्ष ने कहा उन्हें पूरा विश्वास है कि एक न एक दिन प्लांट प्रभावित बेटियो को अवश्य न्याय मिलेगा। डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में आज 271 वीं सुनवाई एवं बस्तर जिला स्तर में 7 वीं सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान आयोग की सदस्य बालो बघेल, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, एडिशनल एसपी महेश्वर नाग एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अरूण पांडे उपस्थित थे।

आवेदिका शिक्षा कर्मी 1 के पद पर जनपद पंचायत के अधीन मारकेल के स्कूल में पदस्थ थी, जिनका देहांत 2017 में हुआ था। मां के स्थान पर अनुकम्पा नियुक्ति के लिए आवेदिका ने आवेदन प्रस्तुत किया है लेकिन अब तक जनपद पंचायत की ▶▶|शेष पेज 08 पर

■ अनुकम्पा नियुक्ति, महिलाओं के सामाजिक बहिष्कार को नस्तीबद्ध किया गया



## व्यापारी एकता पैनल की नई सोच, दृढ़ संकल्प, सार्थक प्रयास : सोमानी

# चेम्बर संचालित करेगा आक्सीजन, वेंटिलेटर एवं अन्य उपकरणों से युक्त एम्बुलेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सर्वसुविधायुक्त आक्सीजन, वेंटिलेटर एवं अन्य उपकरणों से युक्त एम्बुलेंस की सेवा हेतु तैयारी पूर्ण कर ली गई है, उसे मूर्त रूप देंगें एवं संचालित भाव वाहन, मरच्यूरी बाक्स जैसी सुविधा का बेहतर संचालन सुनिश्चित करेंगे। चेम्बर को छत्तीसगढ़ शासन से प्राप्त भूमि पर एक बहुउद्देशीय भवन का निर्माण, जिसका सामाजिक एवं अन्य कार्यों में उपयोग होगा, जिसमें चेम्बर सदस्यों को प्राथमिकता होगी। बस्तर जिला और शहर जगदलपुर के भूस्वामियों के राजस्व समस्या के सरलीकरण हेतु समुचित प्रयास किए जाएंगे। यह विचार शुक्रवार को पत्रकार भवन में पत्रवार्ता में बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज जगदलपुर के चेम्बर अध्यक्ष मनीष शर्मा, चुनाव में व्यापारी एकता पैनल के अध्यक्ष पद प्रत्याशी श्याम सोमानी, उपाध्यक्ष विमल बोथरा, कमल सेठी, महामंत्री प्रत्याशी नवरतन जलोटा आदि ने कही।

■ बाहर से आने वाले व्यापारियों के लिए देंगे ट्रांजिट हॉस्टल सुविधा




पदाधिकारियों ने कहा कि नई सोच, दृढ़ संकल्प, सार्थक प्रयास के साथ बस्तर चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के आगामी त्रैवार्षिक कार्यकाल हेतु चुनाव किया जाएगा। सदस्यों के लिए कर्मकार उपलब्ध कराने हेतु एक ऐसा प्लेटफार्म जहां आपकी आवश्यकता अनुसार कर्मचारी उपलब्ध कराए जाएंगें, इससे आंचलिक रोजगार भी उपलब्ध होगा और कर्मचारियों के स्थाईत्व की स्थिति भी निर्मित होगी। चेम्बर भवन ▶▶|शेष पेज 08 पर

### चेम्बर की स्थानीय इकाई का होगा गठन

पदाधिकारियों ने कहा कि शासन पक्ष के सहयोग से औद्योगिकीकरण में स्थानीय भागीदारी का विस्तार सुनिश्चित करेंगें वहीं औद्योगिक क्षेत्र निर्माण हेतु भी प्रयास करेंगे। सदस्यता विस्तार के लिए विशेष कार्य योजना के साथ कार्य ताकि अधिकाधिक सदस्यों को चेम्बर से जोड़ा जा सके। ऐसे वेबसाइट का निर्माण, जिससे सभी सदस्य अपनें मोबाइल में समस्त गतिविधियों की जानकारी हासिल कर सकें। सभी सदस्यों को किफायती दर पर सामुहिक बीमा के माध्यम से लाभ दिलाना एवं व्यावसायिक बीमा का प्रशिक्षण। सदस्यों को आवश्यकता अनुसार कम्प्यूटर प्रशिक्षण की सुविधा। सदस्यों की स्थानीय समस्याओं और बेहतर समन्वय स्थापित करनें के लिए संभाग के सभी जिला मुख्यालय में चेम्बर की स्थानीय इकाई का गठन होगा। चेम्बर में महिला सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित करना है।

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

**खबर संक्षेप**

### आवास मित्र के लिए 13 सितम्बर तक आवेदन पत्र आमंत्रित

**कोण्डागांव।** संचालक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण विकास भवन नवा रायपुर के निर्देशानुसार जिले के विकासखण्डवार आवास मित्र–समर्पित मानव संसाधन सुनिश्चित करने 150 हितग्राहियों के लिये कलस्टर में 1 आवास मित्र की अस्थाई नियुक्ति हेतु वांछित अर्हताधारी एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र 13 सितम्बर तक कार्यालय जिला पंचायत कोण्डागांव छत्तीसगढ़ में आमंत्रित किए गए हैं। आवेदक अपने निवास क्षेत्र के जनपद पंचायत के लिये ही आवेदन कर सकेंगे। आवेदन पत्र मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोण्डागांव छत्तीसगढ़ के नाम से पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रेषित करना होगा। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद व अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्रें पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। योजनांतर्गत आवास मित्र–समर्पित मानव संसाधन के चयन के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य जानकारी तथा आवेदन पत्र प्रारूप जिला कोण्डागांव के बेवसाइट पर देखी जा सकती है तथा डाउनलोड किया जा सकता है।

### अंतरिक्ष दिवस...



**कोंडागांव।** प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मयूर डोंगर में शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विविध कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

### पशुओं का टीकाकरण 30 सितम्बर तक

**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर पशु चिकित्सा सेवाएं धमतरी द्वारा 30 सितम्बर तक टीकाकरण किया जाएगा। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. महेश बघेल ने बताया कि पल्स पोलियो की तर्ज पर एफ.एम.डी. मुक्त भारत अभियान के तहत चरण 4 में गौवंशीय, भैंसवंशीय पशुओं को खुरहा-चपका रोग के विरूद्ध जिले के सभी ग्रामों में 30 सितम्बर तक टीकाकरण किया जाएगा।

# चन्द्रयान 3 की पहली वर्षगांठ पर छात्र- छात्राओं ने बनाए आकर्षक मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस 23 अगस्त को प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर में आयोजित हुआ। अंतरिक्ष में देश की उपलब्धियों, समाज को होने वाले लाभों से बच्चों को प्रेरित करने, बच्चों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर प्रधान पाठक मधु तिवारी ने बच्चों को भारत की चंद्रमा पर ऐतिहासिक कदम से परिचित कराया।

पिछले वर्ष 23 अगस्त के दिन भारत चाँद पर उतरने वाले चौथा और इसके दक्षिण ध्रुव में उतरने वाला पहला दे बन गया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने चन्द्रयान 3 के मॉडल बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आकस्मिक निरीक्षण में पहुंचे जिला समन्वयक समग्र शिक्षा महेंद्र नाथ पांडे ने बच्चों द्वारा बनाये चन्द्रयान 3 के मॉडल की प्रशंसा की साथ ही बच्चों द्वारा चन्द्रयान मिशन व अंतरिक्ष दिवस पर हाजिर जवाबी पर शाबाशी दी। शिक्षिका मधु तिवारी द्वारा शिक्षा गुणवत्ता बढ़ाने किये जा रहे प्रयासों की सराहना की।

**खास बातें**

- डीएमसी समग्र शिक्षा ने की प्रशंसा हाजिर जवाबी से हुए प्रसन्न
- प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर में मनाया गया पहला अंतरिक्ष दिवस




### पीएमश्री स्कूल फरसगांव में मना राष्ट्रीय आंतरिक्ष दिवस



**फरसगांव।** पीएम श्री स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय फरसगांव में राष्ट्रीय आंतरिक्ष दिवस शुक्रवार को मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रेडणात्मक गतिविधि का आयोजन किया जिसमें माध्यमिक एवं हायर सेकेंडरी के बच्चों के द्वारा आकर्षक चन्द्रयान मॉडल बनाया गया। इसके अलावा पेंटिंग क्विज निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उदेश्य बच्चों में वैज्ञानिक सोच पैदा करना था। विद्यालय के प्राचार्य महावीर जायसवाल और प्रधानपाठक कांची चंदेल द्वारा बच्चों को उनके प्रदर्शन पर प्रोत्साहित किया। इस मौके पर कोमल राम जैन , उषा सिंग सुशीला नेताम , रामाधार जूरी , मनोज देवांगन , पूजा वैष्णव , अंजलि यादव , लेखिका ,ऋतु मिश्रा , बिंदु ,योगेंद्र नेताम के साथ समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

**विरोध:** मांगों को लेकर मुख्यमंत्री, शिक्षा सचिव एवं संचालक के नाम सौंपा ज्ञापन

# युक्तियुक्तकरण, आनलाइन अवकाश व पूर्व सेवा की गणना को लेकर शिक्षकों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला मुख्यालय में युक्तियुक्तकरण के नियम मे संशोधन, आनलाइन अवकाश स्वीकृत में आकस्मिक अवकाश की छूट एवं पूर्व सेवा की गणना की मांग के लेकर शिक्षकों ने आज धरना प्रदर्शन किया। आंदोलनकारियों ने सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा।

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रांतीय निर्देशानुसार जिला मुख्यालय कोण्डागांव में जिला संयोजक ऋषिदेव सिंह एवं शंकर लाल नेताम के नेतृत्व में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 2 अगस्त 2024 को जारी युक्तियुक्तकरण के नियम मे संशोधन, आनलाइन अवकाश स्वीकृत में आकस्मिक अवकाश की छूट एवं पूर्व सेवा की गणना की मांग के लेकर मुख्यमंत्री, शिक्षा सचिव एवं संचालक के नाम कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों से संघ पदाधिकारियों के बैठक एवं चर्चा उपरांत लिए गए निर्णयानुसार ज्ञापन सौंपने के लिए जिला भर से शिक्षक मोर्चा के पदाधिकारी एवं सदस्य डीएनके ग्राउंड में एकत्रित हुए जहां कलेक्टर प्रतिनिधि के रूप में तहसीलदार मनोज रावटे एवं जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य चांडक ने स्वयं उपस्थित होकर ज्ञापन लिया।

- कलेक्टर प्रतिनिधि एवं डीईओ पहुंचे धरनास्थल

युक्तियुक्तकरण संशोधन तथा विसंगति पूर्ण आनलाईन अवकाश में सुधार व शिक्षक एल बी संवर्ग के मुख्य मांगो के सम्बंधित ज्ञापन में प्राचार्य, व्याख्याता, शिक्षक, प्रधानपाठक प्राथमिक पूर्व माध्यमिक के पदों पर पहले पदोन्नति करने, 2008 के सेटअप में पूर्व माध्यमिक शाला में जिसमें न्यूनतम छात्र संख्या पर एक प्रधान पाठक एवं चार शिक्षक पदस्थ करने का नियम बनाया गया था। इसी के आधार पर भर्ती व पदोन्नति विभाग द्वारा की गई है। एक पद घटाने से एक शिक्षक तो स्वमेव अतिशेष हो जाएंगे यह नियम व्यवहारिक नहीं है, तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उलंघन है। अतः 2 अगस्त 2024 के युक्तियुक्तकरण नियम में न्यूनतम विद्यार्थी संख्या पर भी एक प्रधान पाठक एवं चार शिक्षक का सेटअप स्वीकृत किया जावे। वर्तमान में एक पद कम कर दिया गया है, यह व्यवहारिक नही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उलंघन है, अतः 2 अगस्त 2024 के युक्तियुक्तकरण नियम में न्यूनतम विद्यार्थी संख्या पर एक प्रधान पाठक एवं दो सहायक शिक्षक का सेटअप स्वीकृत करने, प्रधान पाठक का पद समाप्त करने वाला इस युक्तियुक्तकरण नियम से सहायक शिक्षक व शिक्षक की पदोन्नति 50 प्रतिशत तक कम होगी।

इससे शिक्षकों के पदोन्नति के अवसर कम होंगे जो पूर्णतः अनुचित है। बालवाडी संचालित स्कूलों में बालवाडी 1 व प्राथमिक 5 कुल 6 कक्षा के संचालन हेतु न्यूनतम संख्या में भी 1 अतिरिक्त सहायक शिक्षक दिया जावे। 02 अगस्त 2024 को जारी युक्तियुक्तकरण नियम से शाला में पदों की संख्या कम किया गया है इससे नई भर्ती नही होने से प्रशिक्षित बेरोजगारों के साथ भी अन्याय होगा।



#### 20 वर्ष की पूर्ण सेवा में पुरानी पेंशन प्रदान की जाए

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा एजुपोर्टल में ऑनलाइन अवकाश के सम्बंध में नियम बनाया गया है। वह विसंगतिपूर्ण है, उसमें मेडिकल अवकाश, अर्जित अवकाश, संतान पालन अवकाश लेने के एक सप्ताह के अंदर एजुपोर्टल में ऑनलाइन एंट्री का ऑप्शन दिया जाए। आकस्मिक अवकाश व एच्छिक अवकाश को ऑफ लाइन आवेदन देने की प्रक्रिया को यथावत रखा जावे । पूर्व सेवा की गणना कर प्रथम नियुक्ति तिथि से सही वेतन का निर्धारण कर, सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर क्रमोन्नत वेतनमान का निर्धारण कर, पुरानी पेंशन निर्धारित करे एवं कुल 20 वर्ष की पूर्ण सेवा में पुरानी पेंशन प्रदान की जाए।

#### ये रहे उपस्थित

ज्ञापन सौंपने के दौरान मोर्चा पदाधिकारी यादवेन्द्र सिंह यादव, मालती ध्रुव, नेमी सिन्हा, गुलेन्द्र पटेल, अरूण दीवान, चन्द्रकांत जैन, सदाराम चतुर्वेदानी, अशोक साहू, रोशन बाबू सहारे, कमलेश साहू, जगमोहन वर्मा, नरेश ठाकुर, सुरेंद्र ठाकुर, प्रभुलाल केमरो, नोहेश्वर वर्मा, मन्नाराम नेताम, रमेश प्रधान, सुकु नेताम, डोमन मरकाम, मदन राठौर, गौतम पाण्डेय, मानसाय मरकाम, रामू राम सिन्हा, मेषराम सेन, गुरूदीप छाबड़ा, लखीराम बघेल, अमलेश बारले, फूलधर देवांगन, चन्द्रेश चतुर्वेदी, काशीराम उसेण्डी, दिनेश गर्ग, शंभु नेताम, महेंद्र पटेल, महेंद्र नेताम, देवेन्द्र कुमार, धनसाय नेताम, नितेश शर्मा सहित सैकड़ों शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# कर्तव्य में लापरवाही बरतने वाले 4 शिक्षक निलंबित

**कोण्डागांव/ फरसगांव।** जिले के अंतर्गत विभिन्न स्कूलों में पदस्थ चार शिक्षकों को कर्तव्य में लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। जिसके तहत कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार जिले के फरसगांव ब्लॉक अंतर्गत प्राथमिक शाला कुम्हारपारा बंजोड़ा में पदस्थ सहायक शिक्षक चरण सिंह मरकाम को शराब पीकर स्कूल आने और पढ़ाई में लापरवाही बरतने के कारण उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

निलंबन के दौरान उनका मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी फरसगांव रहेगा। वहीं विकासखण्ड फरसगांव अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला सदाड़ी के प्रधान अध्यापक शंकरलाल नेताम को पढ़ाई में असमर्थ पाए जाने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी फरसगांव रहेगा।

इसी तरह विकासखण्ड कोण्डागांव अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला कोहकाड़ी के सहायक शिक्षक एलबी चितुराम सर्फे को बिना पूर्व सूचना के लम्बी अनुपस्थिति के कारण उन्हें निलंबित कर दिया गया है। निलंबन के दौरान उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कोण्डागांव रहेगा। वहीं विकासखण्ड शासकीय उच्च प्राथमिक शाला आदनार के प्रभारी प्रधान अध्यापक रामसिंह कुदराम को पालकों और बच्चों से जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए प्रति छात्र 300 रुपए लेने की शिकायत पर जांच के बाद सम्बन्धित के निलंबन के लिए प्रस्ताव सयुंक्त संचालक स्कूल शिक्षा बस्तर संभाग जगदलपुर को भेजा गया है।

### प्रभारी मंत्री देवांगन का किया गया भव्य स्वागत



**कोण्डागांव।** जिले के प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन के प्रथम आगमन पर सर्किट हाउस में जिला देवांगन समाज के पदाधिकारियों द्वारा भव्य स्वागत किया । स्वागत समारोह में मणिशंकर देवांगन अध्यक्ष, यशवंत देवांगन सचिव, नकुल देवांगन ,तरुण देवांगन, मनोज देवांगन ,हेमचंद्र देवांगन, हरिशंकर देवांगन , रेवत देवांगन, विख्यात देवांगन, मनीष देवांगन, दीपक देवांगन, मोहन देवांगन, ललित देवांगन, तेज देवांगन, कमलनाथ देवांगन, मिथिलेश देवांगन एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पेज 7 के शेष

### सरकार अपनी नाकामी...

डरने वाली नहीं। इस प्रकार के कृत्यों से हमारा कार्यकर्ता और मजबूती से सरकार के खिलाफ जनता की आवाज उठायेगा। बलौदाबाजार में हुई आगजनी की भयावह घटना शासन प्रशासन की बड़ी लापरवाही व सरकार की इंटेलीजेंट के फेल हो जाने के कारण हुई। समय रहते सरकार व प्रशासन सचेत हो जाता व समाज के द्वारा सीबीआई जांच की मांग को पूर्व में ही मान लेता तो प्रदेश को शर्मसार करने वाली घटना से बचा जा सकता था।पत्रवार्ता में शहर जिला अध्यक्ष सुशील मौर्य, नगर निगम अध्यक्ष कविता साहू, नेता प्रतिपक्ष उदयनाथ जेम्स, महामंत्री सुभाष गुलाटी, दिनेश सिंह यदु, प्रेमशंकर शुक्ला, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, चंपा ठाकुर, जावेद खान, असीम सुता, नीलम कश्यप, शादाब अहमद, एस.नीला, मानसिंह कवासी, जितेंद्र तिवारी, तुलसीराम ठाकुर, हरदास बघेल, उस्मान रजा एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**बलौदाबाजार आगजनी घटना में सरकार दोषी :** लखेश्वर बघेल ने कहा कि इस पूरी घटना के लिये प्रदेश सरकार दोषी है। लचर कानून व्यवस्था और प्रशासन की निरंकुशता व लापरवाही से बलौदाबाजार में सतनामी समाज के आंदोलन में असामाजिक तत्वों की घुसपैठ हुई और इतनी बड़ी घटना को अंजाम दिया गया। जिसके लिए प्रदेश सरकार पूरी तरह दोषी है। सरकार की अकर्मण्यता के चलते ही बलौदाबाजार में कानून व्यवस्था बिगड़ी। यदि समय रहते जैतखाम को क्षति पहुंचाने वालों पर कार्यवाही की गई होती और आहत समाज से संवाद किया गया होता तो ऐसी अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं होती।

**भाजपा नेताओं की भूमिका की जांच हो :** विधायक ने मांग करते कहा कि इस पूरे आंदोलन में भाजपा के जिलाध्यक्ष सनम जांगड़े सहित अन्य भाजपा नेताओं की भूमिका की जांच हो। धरना प्रदर्शन को कलेक्टर से परमीशन दिलाने वाला कौन था। रैली में आने वाले हजारों लोगों के लिये भोजन, मंच, पंडाल, माइक के लिए रूपयों की व्यवस्था किसने किया। इतनी बड़ी घटना के बाद भड़काऊ भाषण देने वाले की गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई। नागपुर से 250 से अधिक लोग आये थे वो कौन थे।

### पूर्ववर्ती भूपेश सरकार...

मामले में ईडी की पुनः की जा रही कार्रवाई और ईओडब्ल्यू व एसीबी की ओर से दर्ज एफआइआर को चुनौती देते हुए उन्हें ख़ारिज करने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने अनवर ढेबर, अनिल टुटेजा, यश टुटेजा, अरूणपति त्रिपाठी समेत अन्य आरोपियों द्वारा जांच एजेंसियों के खिलाफ दायर कुल 13 याचिकाओं को एक साथ खारिज कर दिया है। अपने आदेश में उच्च न्यायालय ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि एक संगठित अपराध की तरह इस घोटाले को अंजाम दिया जा रहा था, ऐसा लग रहा है। न्यायालय ने ईडी, एसीबी, ईओडब्लू की जांच आदि के काम में किसी भी तरह की अनियमितता के तमाम आरोपों को खारिज कर दिया है, इससे यह एक बार फिर यह साबित हुआ है कि कांग्रेस अपने अपराधों को छिपाने के लिए लगातार एजेंसियों पर हमलावर थी। अभियुक्तों द्वारा लगाए सभी आरोपों को ख़ारिज करते हुए एफआईआर-ईसीआईआर रद्द करने के सभी मांगों को कोर्ट ने खारिज कर दिया है। इस दौरान जिला अध्यक्ष रूपसिंह मण्डावी, सांसद महेश कश्यप, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, महापौर सफिरा साहू, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, पूर्व विधायक डा. सुभाऊ कश्यप, बैदूराम कश्यप, संतोष बाफना, विद्याशरण तिवारी, रामाश्रय सिंह, वेदप्रकाश पाण्डेय, संजय पाण्डेय, नरसिंह राव, राजेन्द्र बाजपेयी, आलोक अवस्थी, संग्राम सिंह राणा और प्रकाश रावल उपस्थित थे।

पत्रकारों के एक सवाल पर नगरनार विनिवेशीकरण को लेकर कहा हम 5 साल से विनिवेशीकरण सुनते आ रहे है, हुआ क्या? जब प्रधानमंत्री ने सार्वजनिक रूप बस्तरवासियो को भरोसा दिया है, नगरनार स्टील प्लांट सिर्फ बस्तरवासियों की होगी।

धरमलाल कौशिक ने कहा कि सवाल केवल शराब घोटाले का ही नहीं है, इसी तरह कोयला घोटाले से लेकर हाल के बलौदाबाजार उपद्रव तक जिसमें आरोपी कांग्रेस विधायक की जमानत याचिका भी खारिज करते हुए देवेंद्र यादव को 7 दिन के रिमांड पर भेज दिया है। इससे पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री की करीबी अफसर सौम्या चौरसिया पर तो सर्वोच्च अदालत ने जमानत मांगने पर उल्टे 1 लाख का जुर्माना भी लगा दिया था।

श्री कौशिक ने कहा कि प्रदेश की जनता के संसाधनों को लूट कर दस जनपथ का एटीएम बन जाने की सजा कांग्रेस को अवश्य मिलेगी, कोई भी हथकंडा कांग्रेसी अपराधियों को बचा नहीं सकती है। कांग्रेस लाख अराजकता फैला ले, किंतु कानून के हाथ इनके शिकंजे तक पहुंचे बिना नहीं रहेगी।

### दिल्ली से पहुंचे इस्पात...

वर्मा समेत आधा दर्जन ऑफिसियल साथ मे पहुंचे।

इस बीच प्लांट सूत्रों से मिल रही जानकारी के आधार पर नगरनार स्टील प्लांट के परिचालन और रखरखाव का काम अभी कम से कम दो वर्ष तक सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी मेकान लिमिटेड के पास ही रहेगा। एनएमडीसी और मेकान के बीच 18 दिसंबर 2021 को तीन वर्ष के लिए परिचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध किया गया था। यह अवधि इसी साल दिसंबर में समाप्त हो रही है। सार्वजनिक क्षेत्र की दोनों कंपनियां अनुबंध की समयावधि में दो वर्ष के विस्तार को लेकर चर्चा कर रही हैं। पिछले 19 जुलाई को एनएमडीसी मुख्यालय हैदराबाद में दोनों कंपनियों के प्रबंधन की पहली बैठक हो चुकी है। स्टील प्लांट के परिचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध में विस्तार को लेकर चल रही बैठकों से हाल के दिनों में स्टील प्लांट के विनिवेशीकरण की चर्चा पर विराम लग सकता है।

### आज नहीं तो कल...

ओर से कोई प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया है। अनावेदक की ओर से विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

**सामाजिक बहिष्कार खत्म करने अफसर जाएंगे गांव :** एक अन्य प्रकरण में आवेदिका ने बताया कि उनकी एक महिला समूह है जो गांव के तालाब को ठेके पर लेकर मछली पालन करते है। जिसमें अनावेदकगण तालाब से जबरदस्ती मछली पकड़कर ले गये जिसकी शिकायत आयोग में करने के बाद अनावेदकगण ने आवेदिका को समाज से बहिष्कृत कर दिया और समूह के महिलाओं को 60,000 रूपये अर्थदंड स्वरूप मांग किया गया। आयोग ने दोनों पक्षों को समझाईश दिया कि 28 अगस्त को संरक्षण अधिकारी एवं पुलिस निरीक्षक माधुरी नायक एवं उनकी टीम गांव में जाकर सामाजिक बहिष्कार को खत्म करायेंगे।

**दूसरी पत्नि को नहीं मिलेगा हक, प्रकरण नस्तीबद्ध :** एक अन्य प्रकरण में उभय पक्ष को सुना गया आवेदिका शादीशुदा व्यक्ति आरक्षक क्रमांक 588 से अवैध संबंध पर है। पत्नि ने विस्तार से पति व दूसरी महिला की शिकायत की है। दूसरी पत्नि को किसी भी प्रकार से हक नहीं दिया जा सकता है अतः प्रकरण को नस्तीबद्ध किया गया।

### चेम्बर संचालित करेगा...

में ही बाहर से आने वाले व्यापारियों के लिए ट्रांजिट हॉस्टल सुविधा उपलब्ध कराना। आयकर एवं जीएसटी की समस्या हेतु स्थानीय स्तर एवं अन्य जिला मुख्यालयों और बड़े कस्बाई क्षेत्र में सेमीनार, कार्यशाला आयोजित करना, जिसमें विशेषज्ञों की उपस्थिति होगी। सेवा भावी संस्थाओं और अस्पतालों के सहयोग से, चिकित्सा शिविरों का आयोजन जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपस्थिति रहेगी। पत्रवार्ता में चेम्बर के पूर्व अध्यक्ष किशोर पारख, ऋषि हेमाणी, मंत्री पद प्रत्याशी गजेन्द्र चांडक, दिपक भानुशाली, श्रीधर राव मद्दी आदि मौजूद रहे।

## बड़ेडोंगर में जन्माष्टमी को लेकर मां दंतेश्वरी ज्योति कलश स्थापना समिति की बैठक



**फरसगांव।** पावन नगरी व बस्तर रियासत की पुरानी राजधानी ग्राम बड़ेडोंगर में मां दन्तेश्वरी ज्योति कलश स्थापना समिति बड़ेडोंगर के सानिध्य में बैठक आयोजित की गई। जिसमें आगामी कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर विस्तृत चर्चा किया गया। इस वर्ष कृष्ण जन्माष्टमी पर्व 26 अगस्त दिन सोमवार को रहेगी। हर वर्ष इस पर्व पर लगभग 35 हजार से 40 हजार तक दर्शनार्थीयों का मेला यहां पर लगता है। साथ में इस दिन बड़ेडोंगर के सभी मंदिरों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होता है। जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर के छोटे छोटे बच्चों के द्वारा कृष्ण राधा के रुप झांकी व शोभायात्रा व मटका फोड़ दही लूट कार्यक्रम,यादव समाज जिला कोण्डागांव द्वारा राऊत नाचा , शोभा यात्रा,कलश यात्रा,व विविध कार्यक्रम सम्पन्न होता है। साथ में मां दन्तेश्वरी मंदिर प्रांगण के बालाजी मंदिर स्थल पर मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन आयोजक समिति बड़ेडोंगर द्वारा किया जाता है। जिसमें एकल मटका फोड़ प्रतियोगिता होती है। जिसमें बहुत सारे इनाम दिए जाते हैं। पर्व में कई ट्रक फल व नारियल की खपत इस पर्व में होती है। इस पर्व को भव्य रूप में मनाने हेतु सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस प्रशासन, तहसीलदार साहब उप तहसील बड़ेडोंगर, ग्राम पंचायत बड़ेडोंगर, स्वास्थ्य विभाग, एनसीसी के बच्चों ,मंदिर समिति के सभी सदस्यों, जनप्रतिनिधियों व ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहता है । सभी के दिशानिर्देश से पार्किंग स्थल,पानी व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष चर्चा किया गया ।

# शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के भौतिकशास्त्र विभाग में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के भौतिकशास्त्र विभाग में 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

ज्ञात हो कि आज ही के दिन सन 2023 में भारत ने चंद्रयान – 3 को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलता पूर्वक लैंडिंग करवाने वाला विश्व का प्रथम देश बनकर इतिहास बनाया था। इस दिन को यादगार बनाने के उद्देश्य से 23 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस घोषित किया है। इस आयोजन की इस वर्ष की थीम चंद्रमा को छूते हुये जीवन को छूना भारत की अंतरिक्ष गाथा रखी गई है। कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

स्वागत उद्बोधन में संस्था के प्राचार्य डॉ. चेतन राम पटेल ने भारत की अंतरिक्ष गाथा का वर्णन करते हुए छात्रें को विज्ञान के मूलभूत सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारने हेतु प्रेरित किया। विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष शोभाराम यादव ने कार्यक्रम की पृष्ठभूमि के बारे में बताया। वनस्पति शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष शशिभूषण कन्नौजे ने भारत की अंतरिक्ष में बढ़ती शक्तियों के बारे विस्तार से छात्रों को बताया।




रसायनशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अलका शुक्ला ने अपने उद्बोधन में चंद्रयान पर होने वाले खर्चों पर उठने वाले सवालों पर कहा कि कई बार हमे अपनी शक्तियां भी दुनिया को दिखाने की जरूरत होती है। गृहविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष नेहा बंजारे ने छात्रें को इस दिन को ऐतिहासिक बनाने पर सहभागिता की। रसायन शास्त्र के सहायक प्राध्यापक नसीर अहमद ने इस दिन को ऐतिहासिक दिन बनाते हुए राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस घोषित करने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। चंद्रयान 3 से जुड़े समस्त वैज्ञानिकों समेत प्रत्येक कर्मचारियों के प्रति अपना उद्गार व्यक्त किया। आभार प्रदर्शन करते हुए भौतिकशास्त्र विभागाध्यक्ष लोचन सिंह वर्मा ने कणों का पृथ्वी से अंतरिक्ष की किसी कक्षा पर स्थापित होने के पीछे लगने वाले सामान्य भौतिक के नियम पलायन वेग के बारे में बताया।

**शराब मामले में लिप्त भाजपाइयों को छोड़ने का लगाया आरोप**

# राज्य सरकार नाकामी छुपाने विपक्ष के नेताओं के खिलाफ कर रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पूर्व मंत्री मोहन मरकाम ने कहा कि बलौदाबाजार के मामले में राज्य की साय सरकार अपनी नाकामी और पूरे देश में हुई बदनामी को छुपाने विपक्ष के नेताओं को परेशान कर रही है। कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी भाजपा की बौखलाहट को दर्शाता है। यह केवल विपक्ष को बदनाम करने की साजिश है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का चरित्र और व्यवहार 8 माह में ही अलोकतांत्रिक हो गया है। बीजेपी सरकार अपनी नाकामियों पर से जनता का ध्यान भटकाना चाहती है, इसीलिए कांग्रेसियों पर कार्रवाई कर रही है। जबरन केस बनाकर जेल भेजने का काम कर रही है जो कि निंदनीय और अलोकतांत्रिक है। उक्त बातें पूर्व मंत्री श्री मरकाम ने आज पत्रकारों से चर्चा के दौरान कही। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा राज्य की साय सरकार के कारनामे को उजागर करने सभी जिला मुख्यालयों में पत्रकार वार्ता आयोजित किए जाने के लिए प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। कोंडागांव जिले का प्रभारी पूर्व मंत्री मोहन मरकाम को बनाया गया। उन्होंने कहा कि आरोपी खुलेआम व्हाट्सअप स्टेटस में शराब बेचे जाने की बात करता है। मौके पर पुलिस शराब सहित गिरफ्तार भी करती है। थाने लाकर बकायदा उसे मुचलका में छोड़ दिया जाता है। मुलमुला निवासी भाजपा कार्यकर्ता को पुलिस गिरफ्तार करती है। जिसके पास से 13 बियर और 14 व्हिस्की के क्वार्टर जब्त किया जाता है। इतनी भारी मात्रा में ओड़िशा की दारू को पकड़ने के बावजूद आरोपी को छोड़ दिया जाता है। आरोपी 20 अगस्त को पकड़ा जाता है और 21 अगस्त को कांग्रेस पार्टी द्वारा आवाज उठाने के बाद आनन फानन मे कोंडागांव पुलिस प्रेसनोट जारी करती है।




हम कांग्रेसजनों के खिलाफ चाहे जितनी भी कार्रवाई करे, जबरन केस बनाकर जेल भेजें। जनता की आवाज को हम उठाते रहेंगे। लोकतंत्र की हत्या होने नहीं देंगे। कांग्रेस पार्टी त्याग तपस्या और बलिदान का दूसरा नाम है। हमारी लड़ाई जारी रहेगी।

**ये रहे मौजूद** – प्रेसवार्ता के दौरान पूर्व मंत्री मोहन मरकाम जिला कांग्रेस अध्यक्ष झूमूकलाल दीवान नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती वर्षा यादव प्रदेश कांग्रेस सचिव सकुर खान मंडल अध्यक्ष संजय करन पार्षद योगेंद्र पोयाम मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने ली ऑनलाइन समय-सीमा की बैठक



**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने एनआईसी कक्ष से पहली बार ऑनलाइन लिंक के माध्यम से साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि समय को देखते हुए अब नये युग की शुरूआत हुई है। देश में बढ़ते नवीन टेक्नोलॉजी और एप के लॉन्च होने से कई समस्याओं का समाधान अब तुरंत ही हो जाता है। बुधवार को संयुक्त जिला कार्यालय भवन के एनआईसी कक्ष से जुड़कर कलेक्टर ने जिले के सभी अधिकारियों को अपने ही कार्यालय से ऑनलाइन लिंक के माध्यम से समय-सीमा की लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने समीक्षा करते हुए कहा कि जिला खनिज न्यास निधि (डीएमएफ) के निर्माण कार्य के लिए संबंधित विभाग द्वारा अपने कार्यालय में एक लिपिक को डीएमएफ से संबंधित सभी कार्य के लिए नोडल नियुक्त किया जाए। ताकि सभी डीएमएफ के निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग एवं देखरेख सही तरीके से हो सके। इसके साथ ही उन्होंने शासन की महत्वपूर्ण योजना नियद नेल्लानार ग्रामों में कौशल विकास के तहत प्रशिक्षण के लिए हितग्राही चिन्हांकित कर प्रशिक्षण प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

### स्वीकृत कार्यों को प्राथमिकता से करें : कलेक्टर



**सुकमा।** कलेक्टर हरिस एस.ने बुधवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में नियद नेल्लानार योजना एवं विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने योजनांतर्गत चिन्हांकित ग्रामों में शासन के मंशानुरूप प्राथमिकता से कार्य करने को कहा। उन्होंने नियद नेल्लानार योजना के ग्रामों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मंशानुरूप कार्य नही होने पर कड़ी नाराजगी जाहिर की और वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही लोगों को मॉबलाइज कर आयुष्मान कार्ड बनाने, टीबी स्क्रीनिंग, सिकलसेल एवं एनीमिया स्क्रीनिंग, टीकाकरण की दिशा में शत-प्रतिशत लाभान्वित करने जोर दिया। बैठक में उज्जवला योजना, आधार कार्ड, पेंशन भुगतान, लर्निंग लाइसेंस, राशन कार्ड सहित हितग्राहियों का बैंक में खाता खोलना एवं बैंक सुविधा के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### निर्वाचित विधायक की गिरफ्तारी निंदनीय

# राजनीतिक द्वेष से काम कर रही प्रदेश सरकार: जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



पूर्व संसदीय सचिव एवं जगदलपुर के पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कहा है कि प्रदेश की भाजपा सरकार राजनैतिक द्वेष से काम कर रही है। जैन ने भिलाई के वर्तमान विधायक तथा पूर्व मेयर देवेन्द्र यादव की गिरफ्तारी की निंदा करते कहा है कि भाजपा की यह कार्रवाई बताती है कि उसका भरोसा समाज एवं संस्थाओं के प्रति नहीं है।

- पूर्व विधायक के साथ पूर्व संसदीय सचिव जैन ने ली पत्रवार्ता

शुक्रवार को दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय में पीसीसी के निर्देश पर पत्रवार्ता लेकर उन्होंने यह बात कही। पूर्व संसदीय सचिव जैन व पत्रवार्ता में मौजूद दंतेवाड़ा की पूर्व विधायक देवती कर्मा ने कहा कि विधायक यादव के खिलाफ पुलिस ने राज्य सरकार के निर्देश पर यह कार्रवाई की है। बलोदाबाजार में सतनामी समाज के आंदोलन से घबराकर यह कदम उठाया गया है जिसकी सर्वत्र निंदा हो रही है। विधायक के खिलाफ कार्रवाई कर भाजपा सरकार ने बता दिया है कि लोकतंत्र व संवैधानिक संस्थाओं के प्रति उसकी जवाबदेही नहीं है। जैन ने कहा है कि भाजपा के दमन के खिलाफ देश-प्रदेश की जनता जिस प्रकार से प्रतिकार कर रही है, भाजपा उससे घबरा गई है। इसके परिणामस्वरूप वह ऐसे कदम उठा रही है जिससे चौतरफा उसकी निंदा हो रही है। जैन ने यह मांग की है कि बलोदाबाजार की घटना के लिए जिम्मेदार भाजपा नेताओं के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई होनी चाहिए।

पत्रवार्ता के दौरान जैन के साथ दंतेवाड़ा की पूर्व विधायक देवती कर्मा, विमल सुराना, छविंद्र कर्मा, तुलिका कर्मा, सुलोचना वट्टी, सलीम उस्मानी, कोपा कुंजाम, परमजीत सिंह जसवाल, हेमू उपाध्याय, कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता समेत विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी मौजूद थे।

# धूमधाम से मना राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम



प्रधानमंत्री की घोषणा के अनुसार भारत सरकार ने चंद्रयान 3 मिशन की सफलता को पर्व के रूप में मनाने के लिए 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा की है। इस उपलक्ष्य में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कटेकल्याण वर्तमान संचालित जावंगा में 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिसमें छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में भाग लिया।

गौरतलब है कि इसी दिन भारत के द्वारा चांद के दक्षिण पोल में प्रज्ञान रोवर की सॉफ्ट लैंडिंग कराई गई थी। भारत की इस उपलब्धि को यादगार बनाए रखने के लिए विद्यालय में प्रश्नोत्तरी, पेंटिंग्स तथा मॉडल मेकिंग स्पर्धा कराई गई, जिस पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। विद्यालय के प्राचार्य कुलदीप सिंह ने छात्राओं को अपने वैज्ञानिक सोच को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। विज्ञान प्रभारी प्रवीण चंद्राकर ने कहा कि यदि हम पूरी निष्ठा से मेहनत करें, तो हम भी सुनीता विलियम्स और कल्पना चावला जैसे अंतरिक्ष पर जा कर अपने देश का नाम रोशन कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में प्राचार्य कुलदीप सिंह, विज्ञान प्रभारी प्रवीण चंद्राकर, आलोक सोनवाने, टीएल. साहू, मो. यूसुफ, डीआर. रावटे, अवंतिका मिश्रा, शिशुपाल यादव, छाया सिन्हा, शुभम सांगवान समेत अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

### सोनारपारा संकुल के बच्चों को कराया न्योता भोज



**गीदम।** प्रधानमंत्री पोषण योजना के अंतर्गत गीदम संकुल के प्राथमिक व माध्यमिक शाला सोनारपारा गीदम में समग्र शिक्षा दंतेवाड़ा कार्यालय में पदस्थ प्रोग्रामर धर्मेंद्र सिंह व शिक्षिका शिखा सिंह ने आज बच्चों को न्योता भोज कराया। इस भोज को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। न्योता भोज छात्र-शिक्षक एवं पालक समुदाय के बीच अपनेपन की भावना को विकसित करने का जरिया तो है, ही साथ-साथ पोषण युक्त एवं रूचिकर भोजन दिए जाने से बच्चों की शालाओं में उपस्थिति में वृद्धि होती है। न्योता भोजन का एक अन्य उद्देश्य शाला एवं स्थानीय समुदाय के मध्य आपसी तालमेल को विकसित करना भी है। न्योता भोज के साथ प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला सोनार पारा गीदम के बच्चों को अच्छी पढ़ाई हेतु प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर शाला परिवार से प्रधान अध्यापक टीपी मिश्रा, मिराज हुसैन, शिखा सिंह, पूजा कंवर, शिल्पा सिंह चौहान, प्रीति ध्रुव, देवांशु यदु, धर्मेंद्र सिंह, सायबू सदानंदन, स्वाति सिंह व एसएमसी सदस्य मौजूद थे।

# खातों में अब तक नहीं हुआ तेंदूपत्ता राशि का भुगतान

### तेंदूपत्ता हितग्राही पहुंचे डीएफओ दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर




तेंदूपत्ता संग्रहण के भुगतान की राशि को लेकर सैंकड़ों हितग्राही शुक्रवार को वनमंडलाधिकारी कार्यालय में डीएफओ से मिलने पहुंचे थे। धनोरा समिति के सैंकड़ों ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें अब तक तेंदूपत्ता का भुगतान नहीं मिला, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर हो गई है। बुधराम तेलम, राजू तेलम और जेम्स कुड़ियम ने बताया कि, तेंदूपत्ता हम आदिवासी ग्रामीणों का प्रमुख आय का जरिया है।

- धनोरा समिति के 346 हितग्राहियों का 20 लाख से अधिक बकाया

इस रुपए से ही हम कृषि कार्य करते है और अपने बच्चों की पढ़ाई लिखाई करवा पाते है, लेकिन अब तक हमें इस वर्ष तेंदूपत्ता तोड़ाई की राशि नहीं मिल पाई है। जिस वजह से हमें काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सीपीआई नेता कमलेश झाड़ी के नेतृत्व में धनोरा के सैंकड़ों हितग्राही डीएफओ कार्यालय पहुंचे थे, लेकिन मौके पर अधिकारी मौजूद नही थे। वहीं सीपीआई नेता ने पत्रकारों को बताया कि फोन पर डीएफओ से इस विषय पर चर्चा हुई है। उन्होंने इस मामले को जल्द देखने की बात कही और सम्बन्धित शाखा में लेटर छोड़ने को कहा है।

सीपीआई के जिला सचिव कमलेश झाड़ी ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि, बस्तर का हरा सोना कहे जाने वाले तेंदूपत्ता का पैसा ग्रामीणों को अब तक नही मिलना बड़ा ही दुर्भाग्यपूर्ण है। जिसे लेकर प्रशासन और मौजूदा सरकार में कोई गंभीरता नही है। चूंकि यह अति पिछड़ा आदिवासी इलाका है। यहां के आदिवासियों के आय का प्रमुख साधन तेंदूपत्ता ही है। इन पैसों से ही कृषि कार्य एवं बच्चों के पढ़ाई का खर्च भी पूर्ण हो पाता है। वहीं सीपीआई नेता ने आगे कहा कि आज ग्रामीणों ने 10 दिनों का सम्बन्धित विभाग को अल्टीमेटम दिया है। समयावधि में राशि का भुगतान नही होने पर आंदोलन होगा, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।

#### एक हफ्ते में होगा भुगतान

डीएफओ रामकृष्णा रंगानाथन ने बताया कि जिले में कुल 3000 हितग्राहियों के बैंक खातों में त्रुटियां मिली थी। जिस वजह से उन हितग्राहियों के खातों में तेंदूपत्ता राशि का भुगतान नहीं हो पाया था। जिन हितग्राहियों के खातों में समस्या थी, उनका सुधार कर लिया गया है। अब एक हफ्ते के अंदर हितग्राहियों के खाते में तेंदूपत्ता का भुगतान हो जायेगा।

# वेतन विसंगति को लेकर लिपिक संघ ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

वेतन विसंगति एवं अधीनस्थ लेखा सेवा परीक्षा आयोजित करने के लिए जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार पसपुल के नेतृत्व में सीएम विष्णु देव साय मुख्यमंत्री एवं वित्तमंत्री ओपी चौधरी के नाम संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल को ज्ञापन सौंपा गया है।

लिपिक संघ के जिलाध्यक्ष राजेंद्र पसपुल ने अवगत कराते कहा कि शासन की रीढ़ की हड्डी कहे जाने वाले लिपिक विगत 40 वर्षों से वेतन विसंगति नामक पीड़ा से पीड़ित है। शासन लिपिकों की एकमात्र समस्या वेतन विसंगति को 40 वर्षों से नजर अंदाज करते आ रहीं है। सन 1961 से 1973 तक लिपिक एवं शिक्षकों तथा पटवारी का वेतनमान एक समान था, किंतु 1981 से लगातार शिक्षकों के वेतनमान में बढ़ोत्तरी किया गया । किंतु लिपिकों के वेतनमान बढ़ाने में शासन द्वारा किसी प्रकार की दिलचस्पी नहीं दिखाई गई है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लिपिक संवर्गों के वेतनमान के निराकरण हेतु उच्च स्तरीय समिति गठन की गई है। समिति द्वारा अनुशंसित अनेक संवर्गों के वेतनमान का उन्नयन का निराकरण किया गया, किंतु जिस संवर्ग (लिपिक) हेतु गठित किया गया था, समिति द्वारा अनुशंसा के पश्चात भी लिपिकों के वेतनमान का उन्नयन नहीं किया गया है। विडंबना है कि उक्त समिति द्वारा जिन संवर्गों के वेतनमान के उन्नयन के लिए अनुशंसा नहीं भी की गई थी, उन संवर्गों के वेतनमान का निराकरण शासन द्वारा किया जा चुका है। किंतु लिपिक का नहीं किया गया है, जिसके कारण लिपिक संवर्ग में कुंठा एवं निराशा का वातावरण निर्मित है।

लिपिक कर्मचारियों के वेतनमान में निरंतर क्षरण को माननीय उच्च न्यायालय ने भी स्वीकार किया है। साथ ही पूर्ववर्ती सरकार के मुख्यमंत्री ने लिपिक के मंच से मांगे पूर्ण करने का आश्वासन दिया था, किंतु आज तक लिपिकों के वेतनमान में सुधार करने की कार्रवाई लंबित है। ज्ञापन सौंपने के दौरान मिथिलेश नीलम, बसंत समतुल, नीलम संतोष, देवैया मट्टी, संजय बाकड़े, विनोद मड़ी, राहुल राना, गुलशन, ओगर के अलावा विभिन्न विभागों के सैंकड़ों लिपिक मौजूद थे।

# अभाविप ने मुख्यमंत्री से की छात्रसंघ चुनाव की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



अभाविप ने शैक्षणिक जगत में उत्तम छात्र नेतृत्व के लिए प्रदेश भर के सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग को लेकर सभी जिले के कलेक्टरों को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। पूर्व में प्रतिवर्ष छात्रसंघ चुनाव किए जाने के कारण शिक्षा के क्षेत्र में सुधार तथा विकास युवा नेतृत्व के माध्यम से संपन्न होता था। परंतु 2016 के पश्चात प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव पर रोक लगा दिया था पिछले 2 से अधिक वर्षो से छात्रसंघ मनोनयन भी नही हुआ है। पूर्व में भी अभाविप लगातार छात्र संघ चुनाव के लिए प्रदेश सरकार से मांग करती रही है। अभाविप प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव पर रोक लगा देना निश्चित रूप से युवा नेतृत्व का दमन करने वाला निर्णय साबित हुआ है। अभाविप सदैव से छात्रसंघ चुनाव के पक्ष में रही है। पूर्व की सरकार से भी छात्रसंघ चुनाव की मांग गई थी। छात्रसंघ चुनाव के माध्यम से चुने हुए प्रतिनिधियों को परिसर में हो रहे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए प्रयास करने का अवसर प्राप्त होता है। अभाविप को छात्र हितों में जल्द ही छात्र संघ चुनाव कराये। अभाविप संयोजक शैलेष ध्रुव ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव के माध्यम से छात्रों के नेतृत्व क्षमता में विकास के साथ छात्रहित में कार्य होने लगते है। प्रदेश सरकार छात्रहित को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष प्रदेश भर के विभिन्न विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय में प्रत्यक्ष रूप से चुनाव करवाये। इस दौरान अश्विन पिल्ले, कमला, नुशान्त, कुणाल, जय, करन, मनीष, अजेंद्र, अचिंत्य, पूनव सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पॉलिटेक्निक कॉलेज में जिला स्तरीय स्टार्टअप प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम



एनएमडीसी डीएव्ही पॉलीटेक्निक कॉलेज जावंगा में आज जिला स्तरीय स्टार्टअप प्रतियोगिता आईआईसी प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित की गई। प्रतियोगिता में गीदम व दंतेवाड़ा ब्लॉक के प्रतिभागी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर गीदम के ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शेख रफीक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

- सभी प्रतिभागियों को ई-प्रमाण पत्र एवं विजेताओं को दिया गया मोमेंटों

इसके पूर्व आईआईसी सेल द्वारा आउटरीच प्रोग्राम के तहत जिले के विभिन्न विद्यालयों में उद्यमिता पर कार्यशाला आयोजित की गई है। आईआईसी सेल का गठन पांच वर्ष पूर्व 2019 में शिक्षा मंत्रालय के नवाचार सेल के तहत किया गया था। गत दो वर्षों से महाविद्यालय को वार्षिक प्रदर्शन हेतु सिंगल स्टार रेटिंग प्राप्त हुआ है, जो कि बस्तर में एक मात्र पॉलीटेक्निक कॉलेज है। महाविद्यालय को इंपैक्ट व्याख्यान श्रेणी कराने हेतु भी राशि विगत दो वर्षों से प्राप्त हुई, जो कि बस्तर का एक मात्र पॉलीटेक्निक बना। जिसे मंत्रालय द्वारा चयन कर यह अवसर प्रदान किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मुकेश ठाकुर ने बताया कि आउटरीच प्रोग्राम के अन्तर्गत फैकल्टी द्वारा जिले के विद्यालयों में जा कर उद्यमिता पर व्याख्यान दिया जा रहा है। प्रथम चरण में गीदम ब्लॉक के विद्यालयों में यह आयोजन किया गया, जिसमें आत्मानंद विद्यालय गीदम, बारसूर एवं जावंगा के अतिरिक्त सरस्वती शिशु मंदिर गीदम, पीएम श्री एकलव्य विद्यालय कटेकल्याण जावंगा एवं डीएव्ही मुख्यमंत्री स्कूल शामिल थे। विद्यालय के विद्यार्थियों ने इस व्याख्यान में बड़ी उत्सुकता एवं उत्साह से भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लक्ष्मिता नाग कन्या परिसर पातररास, द्वितीय स्थान सबीन लाल मरकाम एवं नीतैश मादवी आस्था विद्या मंदिर जावंगा एवं तृतीय स्थान रानी तेलम, ढालेश्वरी, योगिता कुंजाम एवं गायत्री ने प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को ई-प्रमाण पत्र एवं विजेताओं को मोमेंटों प्रदान किया गया। वर्तमान में महाविद्यालय में प्रथम चरण में प्रवेश हेतु शत-प्रतिशत सीटो का आबंटन हुआ। बस्तर संभाग के अभिभावकों ने एनएमडीसी डीएव्ही पॉलीटेक्निक दंतेवाड़ा को अपनी पहली प्राथमिकता दी। महाविद्यालय बस्तर में अपनी अलग पहचान बनाने में सफल रहा है और यह क्रम आगे भी जारी रहेगा। महाविद्यालय प्रबंधन ने इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।

# डीएवी स्कूल की छात्राओं ने खेलकूद प्रतियोगिता में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर



डीएवी बचेली में डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स कलस्टर लेवल 24-25 के तहत एथलेटिक्स इवेंट्स का आयोजन किया गया। जिसमें बस्तर ब्लॉक के डीएवी करमरी शाला से भी कुछ बच्चियों ने भाग लिया और अपनी कड़ी मेहनत एवं लगन के बल पर जीत हासिल की। शाला में खेल शिक्षिका के पद पर कार्यरत प्रतिमा साहू ने बच्चों को प्रशिक्षित किया। प्रतियोगिता में दौड़, लंबी कूद, गोला फेंक आदि खेलों को शामिल किया गया था। इस प्रतियोगिता में शाला की लक्ष्मी कश्यप, प्रेरणा बघेल, लक्ष्मी बघेल, कुसुमलता बकाडे, चांदनी नाग, योगिता और तनीषा सूर्यवंशी ने भाग लिया। लक्ष्मी कश्यप ने अंडर 19 बालिका वर्ग के 800 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल, लौंग जंप में कांस्य और ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी हासिल की। तनीषा ने लौंग जंप में गोल्ड और गोला फेंक में सिल्वर मेडल हासिल किया,वहीं लक्ष्मी बघेल ने लौंग जंप में सिल्वर मेडल जीता। चांदनी नाग बालिका वर्ग के 1500 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल हासिल किया, तो वहीं रिले रेस में चांदनी नाग, लक्ष्मी कश्यप, प्रेरणा बघेल, योगिता और कुसुमलता बाकड़े की टीम ने गोल्ड मेडल जीता। साथ ही प्रेरणा बघेल ने 400 मीटर दौड़ में कांस्य मेडल जीता। इन सभी बालिकाओं ने डीएवी शाला का गौरव बढ़ाया है।

# बच्चों ने मनाया राष्ट्रीय अन्तरिक्ष दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड




संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार 23 अगस्त को विकास खण्ड बस्तर अन्तर्गत माध्यमिक शाला कुड़कानार में राष्ट्रीय अन्तरिक्ष दिवस आयोजित किया गया।

शाला के प्रधान अध्यापक धीरेन्द्र यादव ने राष्ट्रीय अन्तरिक्ष दिवस के बारे में बताते हुए कहा कि इस अभियान का उद्देश्य शाला के बच्चों के साथ-साथ आम नागरिकों में चन्द्र यान 3 के प्रति गौरव एवं सम्मान की भावना को बढ़ावा देना है। चन्द्र यान 3 की चन्द्रमा पर सफल लैंडिंग के उपलक्ष में 23 अगस्त को राष्ट्रीय अन्तरिक्ष दिवस घोषित किया गया है। उसी की याद में आज पहला वर्ष गांठ मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में बच्चों ने चन्द्र यान 3 के मॉडल एवं चित्र बना कर प्रदर्शन किये। इस दौरान प्रधान अध्यापक धीरेन्द्र यादव, शिक्षक-शिक्षिकाओं में नीरज कुमार कुंजाम, फूल सिंह यादव, शिल्पा शार्वा, ममता ठाकुर, आभा प्रीति एक्का, बीएड के छात्र अध्यापकों में टिकेश्वर साहू, आकांक्षा राजपूत, मधु ठाकुर, भावना साहू, हेरिना दिवान, प्रीति पटेल, रोमा राय, तरुणा पटेल समेत अन्य उपस्थित थे।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### साक्षात्कार 28 को

**बीजापुर।** मिशन शक्ति अंतर्गत जिला महिला सशक्तिकरण केन्द्र के लिए समस्त पदों की भर्ती प्रक्रियाधीन है। जिसके तहत पात्र अपात्र सूची प्रकाशित कर 29 जुलाई से 12 अगस्त तक दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया था। प्राप्त दावा आपत्ति का निराकरण उपरांत मान्य अमान्य सूची का प्रकाशन किया गया है। जिसे जिले के शासकीय वेबसाईट में अपलोड किया गया है। साथ ही जिला महिला सशक्तिकरण केन्द्र हेतु स्वीकृत समस्त पदों के पात्र हितग्राहियों का 28 अगस्त प्रातः 10 बजे कार्यालय कलेक्टर, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के सभाकक्ष में साक्षात्कार, कौशल परीक्षा आहूत की गई है। समस्त पात्र हितग्राही निर्धारित समयावधि में उपस्थित होवें।

### जूडो प्रतियोगिता का उद्घाटन आज

**जगदलपुर।** बस्तर जिला जूडो संघ एवं डा. सीवी रमन यूनिवर्सिटी द्वारा 12 वीं इंटर स्कूल जूडो प्रतियोगिता का आयोजन 24 एवं 25 अगस्त को नगर के स्थानीय टाउन हॉल में होगा। प्रतियोगिता में 250 जूडो खिलाड़ी तथा 20 अधिकारी भाग लेंगे। प्रतियोगिता का संचालन भारतीय जूडो महासंघ एवं स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया के नियम उपनियम के तहत किया जाएगा। उद्घाटन 24 अगस्त की संध्या 4 बजे होगी।

### हेल्पलाईन नंबर 15100 कानूनी सेवाओं के लिए अनूठी पहल

**जगदलपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) द्वारा समस्त नागरिकों के लिए कानूनी सेवाओं के संबंध में हेल्पलाईन नंबर 15100 संचालित है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कु.अंकित कश्यप ने बताया कि आमजनों के त्वरित कानूनी संबंधित दुविधाओं से बचने के लिए विधिक सेवा पर आधारित यह एक अनूठी पहल है। सभी व्यक्तियों को सरल एवं सुलभ न्याय पहुंच पाए तथा जरूरतमंद लोगों को विधिक सहायता, सलाह दिलाए जाने के उद्देश्य से हेल्पलाईन नंबर 15100 संचालित है। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक नालसा हेल्पलाईन 15100 पर डायल किए जाने पर आम नागरिकों द्वारा अपने जिले का नाम बताए जाने पर यह सीधे जिला स्तर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित प्रबंध कार्यालय के प्रतिधारक अधिवक्ता द्वारा कॉल रिसीव किया जाएगा। सीधे आम नागरिकों को उनके द्वारा चाही गई कानूनी जानकारी दी जाएगी।

### धरमपुरा जोन में किया मेंटनेंस



**जगदलपुर।** धरमपुरा जोन में उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए विद्युत कंपनी ने शुक्रवार को कंगोली क्षेत्र में विद्युत लाईन का मेंटनेंस किया गया। जिसमें सहायक अभियंता एसआर भद्रे, कनिष्ठ अभियंता बीएस उरांव के नेतृत्व में दर्जन भर कर्मचारी जुटे रहे।

---

### गरीबों के खाद्यान्न में हर माह हो रही है कटौती

# राशन दुकानों के कोटे में कटौती, 900 क्विंटल से ज्यादा चावल किया कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

बस्तर जिले के बकावंड विकासखंड के गरीबों के खाद्यान्न में लगातार कटौती की जा रही है। ब्लॉक में संचालित सार्वजनिक वितरण प्रणाली की प्रत्येक राशन दुकान में विगत 4-5 माह से हर माह औसतन 5 क्विंटल से लेकर 20 क्विंटल तक चांवल की कटौती की जाने की बात सामने आई है। दुकान संचालकों ने इसकी पुष्टि की है। वहीं खाद्य विभाग के अधिकारी और निरीक्षक इससे अनजान बने हुए हैं।

बकावंड ब्लॉक में 90 से अधिक पीडीएस की दुकानें संचालित हैं। राशन दुकानों के आबंटन में कटौती के औसतन आंकड़े पर नजर डालें तो 900 क्विंटल से अधिक चावल की कटौती की चर्चा है। वहीं अगस्त माह का खाद्यान्न भी मोकागांव और भिरिंडा पंचायत में आज तक नहीं पहुंच पाया है। जबकि 20 से 30 तारीख तक भंडारण किए जाने का निर्देश है और प्रथम सप्ताह में वितरण करना होता है। चावल कटौती अकेले बकावंड ही नहीं जिले भर की राशन दुकानों में की जा रही है। जिले भर में 4000 क्विंटल से अधिक चावल कटौती की खबर विभागीय सूत्रों से प्राप्त हुई है। ग्रामीण राशन के लिए रोज दुकानों के चक्कर लगा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार उक्त दुकानों में चावल व अन्य सामग्री का भंडारण किया जाता है तो ग्रामीणों को वितरण क्यों नहीं हुआ यह जांच का विषय है। दोनों पंचायतों के सरपंचों ने चावल वितरण नहीं किये जाने की बात कही। तो वहीं पंचायत सचिव चावल भंडारण एवं वितरण को लेकर अनजान है दोनों पंचायत सचिवों ने कहा किया उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।

#### खाद्य अधिकारी और खाद्य निरीक्षक हैं अनजान

**20 क्विंटल तक कटौती**

बकावंड विकासखंड की आधा दर्जन से अधिक राशन दुकानों की पड़ताल करने पर दुकान संचालकों से पता चला कि प्रत्येक दुकान के आबंटन कोटे से प्रतिमाह 5 क्विंटल से 20 क्विंटल तक चावल की कटौती की जा रही है। पूरे ब्लॉक के औसतन आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो लगभग 90 पीडीएस दुकानों से 900 क्विंटल से अधिक चावल कटौती हुई की है। कटौती क्यों और किसके आदेश पर की जा रही है यह विभाग के अधिकारी भी बताने में असमर्थ हैं।



**कहां गया 4 हजार क्विंटल चावल**

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कटौती का खेल सिर्फ बकावंड विकासखंड ही नहीं बल्कि जिले में संचालित 450 से अधिक दुकानों में कटौती का खेल विगत 4-5 माह से चलता आ रहा है। खास तौर से लोहंडीगुड़ा एवं दरभा के अंदरूनी इलाकों में सर्वाधिक कटौती की जाने की खबर है। सूत्रों के मुताबिक हर माह जिले में 4000 क्विंटल से अधिक चावल की कटौती की जा रही है जिसका मूल्य 1 करोड़ 76 लाख से अधिक होता है। इस चावल कटौती का जिम्मेदार कौन है और यह चावल कहां खपाया जा रहा है, यह जांच का विषय है।

**मुझे जानकारी नहीं**

सभी दुकानों में भंडारण किया जा चुका है जिन दुकानों में चावल वितरण नहीं हुआ है, मुझे इसकी कोई जानकारी नहीं है। पता कर जानकारी ली जाएगी।

**श्री राठौर,** जिला खाद्य अधिकारी

---

# चुनाव में 15 उम्मीदवार मैदान में, आज वापसी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चुनाव को लेकर गुरुवार को निर्वाचन अधिकारी एवं अधिवक्ता संतोष मिश्रा के नेतृत्व में नामांकन पत्रों की जांच कर स्क्रूटनी की गई जिसमें उपाध्यक्ष के दो और मंत्री के दो प्रत्याशियों के नामांकन रद्द हुए है। इसका कारण ये है कि उनका दो साल का कार्यकाल पूरा नहीं हुआ था। उपाध्यक्ष पद के लिए के. रवि कुमार, ओमप्रकाश टावरी और मंत्री के लिए नामांकन दाखिल करने वाले प्रमोद गुप्ता एवं नरेश राठी के नामांकन रद्द हुए हैं। ऐसे में व्यापारी एकता पैनल से उपाध्यक्ष एवं मंत्री पद पर बाहरी उम्मीदवारों के रूप में 4 लोगों के नाम काट दिए गए हैं। वर्तमान में अध्यक्ष पद के लिए श्याम सोमानी, उपाध्यक्ष वरिष्ठ पद हेतु विमल बोथरा, अशोक कुमार लुंकड़, उपाध्यक्ष कनिष्ठ पद हेतु कमल सेठी, अशोक कुमार लुकड़, मो. इरशाद खान, उपाध्यक्ष बाह्य क्षेत्र सुरेन्द्र चांडक, महामंत्री पद हेतु नवरतन जलोटा, मंत्री पद हेतु गजेन्द्र चांडक, दीपक भानुशाली, मंत्री बाह्य क्षेत्र राज किशोर राठी, जवरीलाल चौरड़िया, एम. श्रीधर राव, कोषाध्यक्ष पद हेतु राजेश कुमार सोनी एवं महेन्द्र कुमार सोनी शामिल हैं। नाम की वापसी शनिवार को होगी।

- चेम्बर चुनाव के 4 उम्मीदवारों के नामांकन रद्द

---

# युक्तियुक्तकरण का शिक्षक मोर्चा ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



जिले के विभिन्न शिक्षक व कर्मचारी संघ ने संयुक्त रूप से शिक्षक संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में शिक्षकों व शालाओं के युक्तियुक्तकरण के लिए जारी निर्देशों का विरोध जताते हुए मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी को मांगपत्र सौंपा। 2 अगस्त को जारी युक्तियुक्तकरण व ऑनलाइन अवकाश नियम में संशोधन का विरोध किया जा रहा है। 14 सूत्रीय मांगों में स्कूल की शिक्षा विभाग के 2008 राजपत्र में प्रकाशित स्कूलों के सेटअप के आधार पर ही युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया संचालित की जाए, साथ ही युक्तियुक्तकरण से पूर्व पदोन्नति की प्रक्रिया पूर्ण की जाए। प्रत्येक प्राथमिक व माध्यमिक शाला का स्वतंत्र अस्तित्व हो व प्रधानपाठक के पद की समाप्ति न की जाए। पोटाकेबिन के पदों को स्वीकृत किया जाए व ऑनलाइन अवकाश जैसी जटिल प्रक्रिया को बंद करते हुए पूर्व की व्यवस्थाओं को यथावत रखा जाए तथा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे नित नए अनावश्यक प्रयोगों को बंद किया जाए। इस दौरान संघ के प्रवीण श्रीवास्तव, सतपाल शर्मा, शिव सिंह चंदेल, राजेश गुप्ता, देवराज खूंटे, रमाकांत द्विवेदी, अजय श्रीवास्तव, रज्जी वर्गीज, तुलादास मानिकपुरी, अखिलेश त्रिपाठी, हरीश पाठक, जेआर कोसरिया, भूपेश पाणिग्रही, मंगल राम मौर्य, निर्मल यादव, गोपेंद्र शार्दुल, ताहिर शेख, अमित पाल, फूलदास नागेश, हरेंद्र राजपूत सहित करीब 500 की संख्या में शिक्षकगण उपस्थित रहे।

- 14 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा मांगपत्र

**चरणवार आंदोलन की चेतावनी**

शिक्षक मोर्चा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि मांगों पर शासन सकारात्मक निर्णय नहीं लेगा तो चरणवार आंदोलन जारी रहेगा। 23 से 28 अगस्त तक मंत्री, सांसद व विधायक को ज्ञापन देंगे। 2 व 3 सितंबर को सचिव व डीपीआई को ज्ञापन देंगे। 9 सितंबर को सभी जिला मुख्यालय में धरना, प्रदर्शन किया जाएगा। राजधानी में प्रदर्शन की चेतावनी भी दी है। साथ ही 5 सितंबर को शिक्षक दिवस का बहिष्कार कर मंडी प्रांगण में धरना प्रदर्शन करेंगे।

---

## नई मशीन से हुई नालों की सफाई...



**जगदलपुर।** नगर निगम ने नाला मैन नामक मशीन को आज नालियों के सफाई के लिए उतारा। नई मशीन को आज छोटी बड़ी नालियों के सफाई के लिए उपयोग किया गया। चित्रकोट रोड, धरमपुरा, दलपत सागर वार्ड में मशीन को सफाई के लिए लगाया गया। इस दौरान महापौर सफीरा साहू, एमआईसी सदस्य योगेंद्र पांडेय, नरसिंह राव, यशवर्धन राव, पार्षद राजपाल कसेर, सफाई अमला, हेमंत श्रीवास, अजय बनिक, अरुण यादव, विमल पांडे मौजूद रहे।

---

# फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

एनडीपीएस एक्ट के तीन अलग मामले में काफी समय से फरार आरोपी निक्की उर्फ निकेश जैन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ न्यायालय द्वारा तीन स्थायी वांरट जारी किया गया था तभी से उसकी पुलिस को तलाश थी। इस दौरान वह राजस्थान में फरारी काट रहा था जिसके जगदलपुर पहुंचते ही गिरफ्तार कर लिया गया।

- आरोपी कि गिरफ्तारी के लिए न्यायालय से तीन स्थायी वारंट हुआ था जारी
- अलग-अलग तीन एनडीपीएस एक्ट मामले में थी पुलिस को तलाश

एएसपी महेश्वर नाग ने बताया कि वारंटी निक्की उर्फ निकेश जैन 32 साल निवासी मेनरोड के खिलाफ अवैध नशीली दवा मामले में एनडीपीएस एक्ट के तीन अलग मामलों में काफी समय से फरार था। लगभग 11 माह से फरार चल रहे आरोपी के खिलाफ तीन अलग स्थायी वारंट जारी किया गया था। फरार आरोपी कि गिरफ्तारी के लिए पुलिस काफी समय से प्रयास कर रही थी। इसी बीच उसके जगदलपुर आने की खबर पर पतासाजी कर उसे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि इस दौरान वह राजस्थान में रहकर फरारी काट रहा था।



आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। गौरतबल है कि नशीली दवा के अवैध व्यापार के खिलाफ बस्तर पुलिस द्वारा कुछ समय पूर्व विशेष अभियान चलाकर दर्जन भर से अधिक आरोपियों कि गिरफ्तारी की गई थी वहीं कुछ आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए थे जिनकी पता तलाश की जा रही थी।

---

# स्वतंत्र उम्मीदवार अशोक ने प्रतिष्ठानों में पहुंचकर मांगा समर्थन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

व्यवसायियों की सबसे बड़ी संस्था चेंबर आफ कामर्स का चुनाव चरम पर है उपाध्यक्ष पद के स्वतंत्र उम्मीदवार अशोक लुंकड़ ने आज से अपना जन संपर्क शुरू कर दिया है। अपने समर्थकों के साथ वे व्यापारियों के प्रतिष्ठानों में पहुंचकर उनसे मुलाकात की और समर्थन मांगा। बुजुर्ग व्यवसायियों से उन्होंने बदलाव के लिए आर्शिवाद भी लिया। व्यापारियों ने अकेले उम्मीदवार के समर्थन के लिए आने पर उनका स्वागत किया और समर्थन देने की बात कही। गौरतलब है कि 31 अगस्त को बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का चुनाव है। इसमें एक ही पैनल मैदान में है जिसमे अध्यक्ष, मंत्री एवं अन्य पदों के लिए दावेदारी नहीं आई है। परंतु स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में अशोक लुंकड़ ने अपना नामांकन दाखिल कर इस मुकाबले को रोचक बना दिया है। व्यापारियों का मानना है कि इस पैनल में सिर्फ पुराने चेहरे हैं नए चेहरों को मौका देना ज्यादा अच्छा है। उम्मीदवार अशोक लुंकड़ ने अपना विजन और मिशन सबके सामने रखकर समर्थन मांगा। आज शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए उनकी रैली संजय मार्केट, गोल बाजार, प्रतापगंज, पैलेस रोड, मेन रोड पर कई क्षेत्रों में दौरा किया। जिसमें अपार समर्थन व्यापारियों का मिला है। चुनाव को लेकर व्यापारियों में उत्साह दिख रहा है।



---

# विधायक की गिरफ्तारी के विरोध में राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला एनएसयूआई शहर, ग्रामीण अध्यक्ष विशाल खम्बारी व नीलम कश्यप के नेतृत्व में एनएसयूआई के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने बलौदाबाजार प्रकरण में भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव की राजनैतिक द्वेषपूर्ण गिरफ्तारी को लेकर राज्यपाल के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। बीते दिनों एनएसयूआई के एवं युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष को भी इसी तरह राजनीतिक द्वेष से गिरफ्तार किया गया। जिसके बाद उनके परिजनों को पुलिस द्वारा धमकाए जाने दबावपूर्वक बयान दर्ज करवाए जाने की शिकायतें भी सामने आने लगी। इस दौरान मनोहर सेठिया, उस्मान रजा, शेख अयाज, पंकज केवट, हंसू नाग, एडविन मार्क, शिव बघेल, कुणाल पांडेय, अनफाज खान, खिरेंद्र यादव, समीर खान, बामन कोर्राम, मोटू राम, अनिल एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

---

# शहीद जगजीत सिंह के नामकरण का सड़क एक दशक से जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

नक्सल प्रभावित क्षेत्र के सड़क मार्गों की हालातों की बात करें, तो बहुत से मार्ग निर्माणाधीन व जर्जर हालत में हैं। कोंटा ब्लॉक के जीवन रेखा माने जाने वाले अनेक सड़कों के निर्माण में तेजी लाने की आवश्यकता है। तो वहीं लगभग एक दशक के आस-पास से इंजरम से एटेगट्टा तक के सात किलोमीटर अधूरे निर्माण के साथ जर्जर हालात में यह सड़क मार्ग है। ज्ञात हो कि भेज्जी तक निर्माण होने वाले इस 20 किलोमीटर के मार्ग का नामकरण सीआरपीएफ इंस्पेक्टर शहीद जगजीत सिंह के नाम, पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह ने सुराज अभियान के दौरान की थी। इस सड़क को निर्माण कराने में सुरक्षा बलों के कई जवानों ने अपने प्राणों की आहूति दी थी। किसी तरह पुलिस हाउसिंग बोर्ड के द्वारा तेरह किलोमीटर यह सड़क पूर्ण रूप से लगभग दो वर्ष में सीसी सीमेंट कांक्रीट सड़क रोड के रूप में बनी। किंतु निर्माण एजेंसी पीडब्ल्यूडी 2015 ने मेसर्स आरपी प्रोड्क्स लिमिटेड हैदराबाद तथा मेसर्स राधव कंस्ट्रक्शन तेलंगाना को दिए गए यह सात किमी के सड़क जो कि इंजरम से एटेगट्टा तक डामरीकरण के रूप में निर्माण होना था, वह नही हो पाया।

- सुराज अभियान के दौरान डॉ. रमन सिंह ने किया था उद्घाटन
- इंजरम से एटेगट्टा तक के सात किमी सड़क को लेकर अनेक चुनौतियां
- नक्सल प्रभावित क्षेत्र के जीवन रेखा कहे जाने वाले सड़क मार्ग एक दशक से अधूरा





**सुरक्षा बलों के साथ-साथ क्षेत्र के अनेक लोगों को चुनौती**

नक्सल प्रभावित क्षेत्र के सड़क मार्गों को मुख्य सड़क मार्ग से जोड़ना एक बहुत बड़ी चुनौती आज भी देखी जा रही है। कोंटा ब्लॉक के नक्सल कॉरीडोर में अनेक सड़कों का निर्माण कार्य शेष है। इनमें से कई सड़क टेंडर प्रोसेसिंग से निविदा प्राप्त किए हुए अधूरे पड़े हैं। जिनमें इंजरम से एटेगट्टा तक का सात किमी सड़क भी शामिल है। यह सड़क मार्ग अनेक सुरक्षा बलों के कैंपों तक पहुंचने, सुरक्षा बलों को चुनौती के रूप में है। तो वहीं वनांचल के अनेक गांवों तक आवाजाही तथा शैक्षणिक व्यवस्था के साथ जीवन रेखा के रूप में भी महत्वपूर्ण है।

**9.35 करोड़ की स्वीकृति के बाद आपत्ति**

मिली जानकारी के अनुसार पीडब्ल्यूडी के द्वारा पूर्व के निविदा को निरस्त करते हुए पुनः स्वीकृति के लिए प्रस्ताव लाया गया था। जिसके तहत 9.35 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई थी । लेकिन किसी कारण टेक्निकल डिजाइन व सड़क की गुणवत्ता को ध्यान देते हुए इसे विभाग द्वारा आपत्ति लगाए जाने के बाद स्वीकृति पर रोक लगा दी गई है।

